"वैश्विक आर्थिक परिदृश्य में औद्योगिक सुरक्षा एवं संरक्षा अत्यंत महत्वपूर्ण है",

लोक सभा अध्यक्ष

बरवाहा, (मध्य प्रदेश), 25 सितम्बर, 2014: लोक सभा अध्यक्ष श्रीमती सुमित्रा महाजन ने आज केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के मध्य प्रदेश स्थित क्षेत्रीय प्रशिक्षण केन्द्र में केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) के पुरुष प्रशिक्षणार्थियों के 52वें बैच और महिला प्रशिक्षणार्थियों के 32वें बैच की दीक्षांत समारोह परेड में भाग लिया।

इस अवसर पर श्रीमती महाजन ने कहा कि सीआईएसएफ,जिसकी स्थापना सन् 1969 में हुई थी, अब एक मल्टी टैलेंटेड सुरक्षा एजेंसी बन गई है जो सरकारी क्षेत्र के साथ-साथ कार्पोरेट्स,प्राइवेट सेक्टर एवं देश के सामरिक महत्व संबंधी प्रतिष्ठानों को भी सुरक्षा प्रदान कर रही है । इनमें न्यूक्लियर संस्थान, रक्षा उत्पादन इकाइयां, स्टील प्लांट, फर्टिलाइज़र यूनिट, अंतरिक्ष संस्थान,एयरपोर्ट्स, बंदरगाह, पावर प्लांट, सरकारी इमारतें और ऐतिहासिक महत्व की इमारतें शामिल हैं । यह राज्यों के पीएसयू, निजी निगमों और मेट्रो को भी सेवाएं दे रहा है । वर्ष 2000 में सीआईएसएफ को हवाई अड्डे की सुरक्षा का महत्वपूर्ण कार्य सौंपा गया।

लोक सभा अध्यक्ष ने आगे कहा कि किसी भी देश के समग्र आर्थिक विकास के लिए न केवल सुदृढ़ कानून व्यवस्था की आवश्यकता होती है, बल्कि यह भी सुनिश्चित करना होता है कि देश की अर्थव्यवस्था के सुचारू संचालन में किसी प्रकार की बाधा न आए । वैश्विक आर्थिक परिदृश्य में, जहां तीव्र प्रतिस्पर्धा है और निजी उद्योग का क्षेत्र भी आतंकवाद के रोज नए उभरते हुए खतरों से जूझ रहा है, औद्योगिक सुरक्षा एवं संरक्षा अत्यंत महत्वपूर्ण है । यहां सुरक्षा का तात्पर्य केवल भौतिक सुरक्षा से नहीं है बल्कि सभी को औद्योगिक क्षेत्र में नई उभरती हुई चुनौतियों से अवगत होना भी आवश्यक है ।

यह विचार व्यक्त करते हुए कि देश के आर्थिक विकास में सरकारी क्षेत्र की तरह निजी क्षेत्र की भूमिका भी उतनी ही महत्वपूर्ण है, श्रीमती महाजन ने संतोष व्यक्त किया कि सीआईएसएफ तीन दशक से भी अधिक के व्यापक अनुभव के आधार पर निजी व्यापारिक घरानों को अपनी सुरक्षा व्यवस्था तैयार करने के लिए पेशेवर सहायता भी दे रहा है । यह बल खतरे का पता लगाने, थेट एनालिसिस, एक्सेस कंट्रोल और पेरीमीटर प्रोटेक्शन, कर्मचारियों की आवश्यकता का आकलन,सुरक्षा व्यवस्था का उपयोग, सुरक्षा और फायर ऑडिट आदि जैसे क्षेत्रों में सुरक्षा सेवाएं प्रदान कर रहा है । उन्होंने आगे कहा कि देश की सुरक्षा में महिलाएं भी समान योगदान कर रही हैं । उन्होंने कहा कि आज महिला प्रशिक्षणार्थियों के 32वें बैच ने प्रशिक्षण पूरा कर लिया है और वे इस महत्वपूर्ण बल का हिस्सा बनने जा रही हैं, यह हम सबके लिए गर्व की बात है ।

इस अवसर पर परेड और एंटी साबोटाज प्रदर्शन सहित कई प्रभावी कार्यक्रम आयोजित किये गये ।